# BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 27 अक्टूबर, 2025 थाना खुर्जा देहात

## इमरान की हत्या का सफल अनावरण, घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जें/निशादेही से आलाकत्ल चाकू बरामद ।

अवगत कराना है कि दिनांक 21.10.2025 को वादी रहीश पुत्र अब्दुल रसीद निवासी ग्राम इस्लामाबाद थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर ने थाना खुर्जा देहात पर तहरीर दी कि उमर, जुबैर, अंसार व 02 अज्ञात अभियुक्तों द्वारा वादी के पुत्र इमरान की चाकू से वार कर हत्या कर दी गयी हैं इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा देहात पर मुअसं 406/25 धारा 191(2),3(5),109(1),351(3),103(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में दिनांक 26.10.2025 को थाना खुर्जा देहात पुलिस टीम द्वारा घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त को ग्राम किर्रा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया हैं।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- उमर पुत्र अन्सार निवासी ग्राम इस्लामाबाद थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1- 01 चाकू (आलाकत्ल)

**घटना का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया कि उसकी चचेरी बहन और इमरान का प्रेम प्रसंग चल रहा था एवं इस रिश्ते से वह व उसके परिजन खुश नही थे। दिनांक 21.10.2025 की सुबह से ही उसकी बहन घर से बिना बताये कहीं चली गयी थी जिसकी वह अपने भाई व साथियों के साथ मिलकर तलाश कर रहा था। अपनी बहन की तलाश के दौरान उसे गांव में ही इमरान व उसकी बहन आते हुए दिखाई दिये। दोनो को एक साथ देखकर, गुस्से में आकर उसने अपने साथियो के साथ मिलकर इमरान पर चाकुओं से वार कर उसकी हत्या कर दी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**


1. श्री मनोज कुमार थाना प्रभारी खुर्जा देहात।
2. उ0नि0 उमाशंकर ।
2. है0का0 सौरभ मलिक, है0का0 विवेक कुमार, है0का0 नितिन तोमर।

**स्वाट टीम देहात-**

1. श्री पम्मी चौधरी प्रभारी स्वाट टीम देहात ।

2. है0का0 नेत्रपाल, है0का0 कुलदीप सिंह, है0का0 अमित चौधरी, है0का0 अरुण, हे0का0 इनाम, का0 आकाश, का0 मनीष, का0 अजय, का0 आशु।





**मीडिया सेल बुलंदशहर।**